


केकेआर ने लीग चरण के मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत हासिल की है। मुझे पूरा भरोसा है कि केकेआर यहां जीतेगी क्योंकि उसे कुछ दिन का आराम मिल गया है। सनराइजर्स हैदराबाद की मजबूती और कमजोरी को जानने से उसे मदद मिलेगी। - मैथ्यू हेडन

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, केकेआर की जीत पर भरोसा जताते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## अभिमन्यु लौरा


भारत के अभिमन्यु लौरा ने शनिवार को दूसरे विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट 2024 में पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग के मुकाबले में बुल्गारिया के क्रिस्टियान निकोलोव को हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। आज यहां खेले गये मुकाबले में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु लौरा की धीमी शुरुआत रही, जिससे 10 बार के बुल्गारियाई राष्ट्रीय चैंपियन निकोलोव को शुरुआती गति पकड़ने में मदद मिली। हालांकि, 21 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने तुरंत वापसी करते हुए और दूसरे राउंड में आक्रामक हो गए।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीटवुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 37 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिये गये सबसे ज्यादा रन है।

# कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच फाइनल की भिड़ंत आज

### केकेआर के पास तीसरी और हैदराबाद के बाद दूसरी बार ट्रॉफी जीतने का मौका

चेन्नई, 25 मई। एक तरफ क्रिकेट के कुशल रणनीतिकार गौतम गंभीर के कोलकाता नाइट राइडर्स और दूसरी तरफ आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिगढने वाले पैट कमिंस के सनराइजर्स हैदराबाद। इंडियन प्रीमियर लीग में इस सत्र का सरताज बनने के लियेआखिरी तिलिस्म पर दोनों बेहतरीन टीमों के बीच रविवार को खिताबी मुकाबले में दर्शकों के लिये रोमांचक क्रिकेट की गारंटी रहेगी। आम तौर पर खेल में मुकाबले कप्तानों और उनकी टीमों के बीच होते हैं लेकिन यह आईपीएल फाइनल दीगर है। इसमें एक तरफ 'कोरबो, लोड़बो, जीतबो' की सोच रखने वाले गंभीर का दिमाग है तो दूसरी तरफ एक ऐसा आस्ट्रेलियाई कप्तान है जिसने टीम को विजेताओं वाले तेवर दिये हैं। केकेआर के कप्तान के रूप में दूसरा आईपीएल फाइनल खेलने जा रहे श्रेयस अय्यर इस महामुकाबले में सहायक भूमिका में नजर आ रहे हैं। एक दशक पहले किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कमिंस छह महीने के भीतर वनडे विश्व कप, विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और एशेज जीतने वाले कप्तान बनेंगे। अब अगर वह सनराइजर्स को आईपीएल खिताब भी दिला देते हैं तो यह सोने पे सुहागा होगा। सनराइजर्स के सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में टीम की जीत के बाद कहा था ,'' वह काफी व्यवहारिक , विनम्र और प्रभावी कप्तान है। उसके पास अलग अलग परिस्थितियों में प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ सारी जानकारियां और आंकड़े रहते हैं।'' उन्होंने कहा ,'' वह टीम बैठकों में समय बर्बाद नहीं करता। हमारी टीम बैठक आज 35 सेकंड की थी लेकिन उसके पास सारी सूचनायें थी।'' दोनों टीमों की टक्कर पहले क्वालीफायर में हुई थी जिसमें केकेआर ने सनराजइर्स को उम्दा गेंदबाजी के दम पर हराया था। केकेआर ने पिछली बार चेन्नई में 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल खेला था जिसमें बतौर कप्तान गंभीर ने खिताबी जीत दर्ज की थी। गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने फिर 2014 में खिताब जीता और अब वह बतौर मेंटोर भी इसी टीम को खिताब दिलाने की दहलीज पर हैं। वह भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने के सबसे प्रबल दावेदार भी है और आईपीएल खिताब से उनका दावा और




पुख्ता होगा। टीमों की तुलना करें तो केकेआर के पास सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, श्रेयस और वेंकटेश अय्यर जैसे मैच विनर के साथ नीतिश और हर्षित राणा और वरूण चक्रवर्ती जैसा स्पिनर है। दूसरी तरफ सनराइजर्स के लिये घरेलू क्रिकेटर अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी के अलावा भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन और जयदेव उनादकट ने अच्छा प्रदर्शन किया है। रॉयल्स को कठिन पिच पर 36 रन से हराने के बाद सनराइजर्स का मनोबल बढा है लेकिन चेपॉक का विकेट वरूण (20 विकेट) और नारायण (16 विकेट) के अनुकूल होगा जो इस सत्र में शानदार फॉर्म में हैं। सनराइजर्स के स्पिनरों अभिषेक और शाहबाज अहमद ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और हेनरिच क्लासेन के अलावा अभिषेक, राहुल त्रिपाठी और रेड्डी को रन बनाने होंगे। केकेआर के युवा तेज गेंदबाज हर्षित और वैभव अरोड़ा को हेड के बल्ले को खामोश रखना होगा जो अभी तक 567 रन बना चुके हैं। इस आईपीएल फाइनल में टी20 विश्व कप की भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी नहीं है। केकेआर के रिंकू सिंह रिजर्व खिलाड़ी हैं। इससे साबित होता है कि आईपीएल वे ही टीमें जीतती हैं जिनके खिलाड़ियों के पास कोई 'आरेंज' या 'परपल' कैप नहीं होती बल्कि गंभीर और कमिंस जैसे मार्गदर्शकों से उन्हें विजेताओं वाले तेवर मिलते हैं।

### एसआरएच पर केकेआर का पलड़ा भारी

आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला रविवार यानी के 26 मई को केकेआर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच ये खिताबी मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाना है। कोलकाता ने क्वलीफायर-1 में हैदराबाद को हराकर फाइनल में जगह बनाई जबकि हैदराबाद ने क्वालीफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराकर फाइनल में एंट्री की। इसके साथ ही केकेआर के पास तीसरी जबकि हैदराबाद के पास दूसरी बार आईपीएल ट्रॉफी जीतने का मौका होगा। आईपीएल के फाइनल में अबतक दोनों टीमों का प्रदर्शन कैसा रहा एक नजर डालते हैं। आईपीएल के इतिहास में कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच अब तक 27 मैच खेले गए हैं। इनमें से कोलकाता की टीम को 18 बार जीत अपने नाम की है जबकि सनराइजर्स हैदराबाद को सिर्फ नौ मुकाबलों में जीत नसीब हुई है। केकेआर ने पिछले आठ मैचों में 6 जीत हासिल की है जबकि महज दो मुकाबले गंवाए हैं।

### रॉयल्स की हार के साथ ही हेटमायर ने दिखाया गुस्सा, जुर्माना लगाया

चेन्नई, 25 मई। आईपीएल 2024 के दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स को शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हार झेलनी पड़ी। इस मैच में रॉयल्स के बल्लेबाज फ्लॉप साबित रहे। इस मैच में शिमरोन हेटमायर ने चार रन नबाए और आउट



हो गए। लेकिन इस दौरान वो काफी गुस्से में थे और उन्होंने मैदान से बाहर जाते हुए अपना गुस्सा स्टम्प पर निकाला। जिसके बाद उन पर भारी जुर्माना लगा। हेटमायर पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का दस फीसदी जुर्माना लगाया गया। हेटमायर को अभिषेक शर्मा ने 14वें ओवर में बोल्ड कर दिया। विकेट खोने के बाद हेटमायर काफी निराश थे और उन्होंने गुस्से में स्टंप पर लात मारने की कोशिश की थी। आईपीएल ने एक बयान में कहा कि, राजस्थान रॉयल्स के शिमरोन हेटमायर पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर के दौरान आईपीएल की आचार संहित के उल्लंघन के लिए मैच फीस का दस प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया कि हेटमायर ने आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध किया है। उन्होंने अपराध और सजा स्वीकार कर ली है। लेवल एक के अपराध में मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में बेल्जियम को हराया

एंटवर्प, 25 मई। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर शनिवार को खेले गये मुकाबले में बेल्जियम को शूटआउट में 4-2 से हराया। आज यहां हुये मुकाबले में निर्धारित समय में स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद हुए शूटआउट में भारतीय जूनियर महिला टीम ने 4-2 से जीत दर्ज की। भारत की ओर कनिका सिवाच ने दो गोल दागे। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पहले क्वार्टर में तेजी से अपनी फॉर्म हासिल करते हुए खुद को मजबूत किया। भारत को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे कनिका सिवाच गोल में तब्दील कर बढ़त बनाई। इसके तुरंत बाद कनिका ने उसी क्वार्टर में अपना दूसरा गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर और हाफटाइम तक भारत ने अपनी मजबूत स्थिति को बनाये रखा। बेल्जियम को तीसरे क्वार्टर में मौके मिले लेकिन भारतीय रक्षात्मक पंक्ति ने विफल कर दिया। अंतिम क्वार्टर में बेल्जियम ने अंततः शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए लगातार दो गोल करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद हुये शूटआउट में भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4-2 से मुकाबला जीत लिया। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का अगला मैच 26 मई को ब्रेडा में जर्मनी होगा।

### नॉर्दन यूनाइटेड ने रॉयल एफसी को हराया

नयी दिल्ली, 25 मई। नेहरू स्टेडियम में खेली जा रही डीएसए 'ए' डिवीजन लीग में नॉर्दन यूनाइटेड एफसी ने रॉयल एफसी को 3-1 से पराजित किया। जीत का हीरो थांगजोलीन नेथाम ने दो शानदार गोल दागे। नेथाम ने तीसरे ही मिनट में नॉर्दन यूनाइटेड को बढ़त दिलाने वाला दमदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। उसने 55वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। शानदार खेल के लिए नेथाम को प्लेयर ऑफ द मैच नवाजा गया। तीसरा गोल नामदिंगलेन बेट ने किया। पराजित टीम के लिए सांत्वना गोल प्रीतम सिंह राठौड़ ने किया। राठौड़ का गोल भी दर्शनीय रहा। रविवार 26 मई को एमिटी इंडियन नेशनल का सामना ईमी हीरोज के साथ तथा शाम को वारियर्स का मुकाबला नोएडा एफसी से मुकाबला होगा।

## सिमरन शर्मा ने महिलाओं की 200 मीटर टी-12 स्पर्धा में भारत को छठा गोल्ड दिलाया

कोबे, 25 मई। सिमरन शर्मा ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में 24 . 95 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर भारत को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शनिवार को छठा स्वर्ण पदक दिलाया। सिमरन का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.16 सेकंड था। डोमिनिका की डारलेनिस डि ला सेवेरिनो को रजत और लोरेन गोम्स डि एगुइयार को कांस्य पदक मिला। टी12 वर्ग में दृष्टिबाधित खिलाड़ी भाग लेते हैं।

भारत के अब छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य समेत 15 पदक हो गए हैं।यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले पेरिस में 2023 में भारत ने तीन स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे। इससे पहले भारत को पुरूषों की एफ46 भालाफेंक स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंका के दिनेश प्रियंथा हेराथ के खिलाफ शिकायत सही साबित होने पर रजत और कांस्य




पदक दिया गया है। पुरूषों के एफ46 भालाफेंक में भारत के रिंकू हुड्डा और अजीत सिंह तीसरे और चौथे स्थान पर रहे थे लेकिन भारत ने विरोध दर्ज किया था कि हेराथ इस वर्ग में भागीदारी के योग्य नहीं हैं। पैरा खेलों में समान शारीरिक अक्षमता वाले खिलाड़ियों को एक समूह में रखा जाता है ताकि प्रतिस्पर्धा बराबरी की हो। एफ46 वर्ग भुजा में कमी , कमजोर मांसपेशियों वाले या बाहों में गति की निष्क्रिय सीमा वाले एथलीटों के लिए है, जिसमें एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं।

भारतीय पैरालम्पिक समिति के एक अधिकारी ने कहा ,'' हेराथ एफ46 श्रेणी का था ही नहीं।'' भारत के पक्ष में फैसला आने के बाद हेराथ को अयोग्य करार दिया गया। रिंकू को रजत और अजीत को कांस्य पदक दिया गया। मुख्य कोच सत्यनारायण ने कहा ,'' हमने श्रीलंकाई खिलाड़ी के खिलाफ विरोध दर्ज कराया था जो तोक्यो पैरालम्पिक में भी स्वर्ण जीत चुका है। वह इस वर्ग में भाग्य लेने की योग्यता नहीं रखता। अब रिंकू को रजत और अजीत को कांस्य पदक दिया गया है।

## स्पिन के खिलाफ हमारे पास विकल्प कम थे : सैमसन

चेन्नई, 25 मई। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा है कि हमारे पास मध्य ओवरों में स्पिन के खिलाफ विकल्पों की कमी थी और यही हम मैच हार गए। सैमसन ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि हमारे पास मध्य ओवरों में स्पिन के खिलाफ विकल्पों की कमी थी और यहीं पर हम मैच हार गए। बाएं हाथ के



स्पिनरों के खिलाफ हमारे पास मध्य ओवरों में तीन-चार दाएं हाथ के बल्लेबाज थे और गेंद रूककर आ रही थी, लेकिन हमें कुछ और विकल्प जैसे रिवर्स स्वीप खेलना था या क्रीज का बेहतर ढंग से इस्तेमाल करना था और उन्होंने वाकई बहुत अच्छी गेंदबाजी की।

उन्होंने कहा, यह पता लगाना वाकई बड़ा मुश्किल है कि कब हम चेन्नई में ओस की उम्मीद कर सकते हैं और कब नहीं। दूसरी पारी में विकेट ने अलग तरह का बर्ताव करना शुरू कर दिया और गेंद टर्न लेने लगी थी। उन्होंने इसका फायदा उठाया और मध्य ओवरों में हमारे दाहिने हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ स्पिनरों को लगा दिया और यहीं पर वह हमारे खिलाफ आगे निकल गए। सैमसन ने कहा, सच कहूं तो हमने इस सत्र ही नहीं पिछले तीन सालों में कई बेहतरीन मैच खेले हैं। मुझे लगता है कि हमने देश के लिए कई कौशल से भरपूर खिलाड़ी दिए हैं। रियान पराग ने इस सत्र बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### हार्दिक और नताशा के बीच तलाक पर विवाद

मुंबई, 25 मई। मुंबई इंडियंस के कप्तान और टीम इंडिया के उपकप्तान हार्दिक पंड्या के लिए साल 2024 अभी तक अच्छा नहीं रहा है। पहले वर्ल्ड कप के दौरान चोटिल हो कर टूर्नामेंट से बाहर हो जाना। और फिर रोहित शर्मा की जगह आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी मिलने से लगातार हूटिंग और ट्रोल होना। वहीं अब उनकी पर्सनल लाइफ भी चर्चा में आ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हार्दिक पंड्या और उनकी पत्नी नताशा स्टेनकोविक तलाक लेने वाले हैं। फिलहाल, इसे लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं अब कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, हार्दिक पंड्या की प्रॉपर्टी का 70 प्रतिशत हिस्सा नताशा ले जाएंगी। पंड्या या नताशा की तरफ से तलाक को लेकर किसी भी तरह का जानकारी नहीं दी गई है।

## पी.वी. सिंधु मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंची



कुआलालंपुर, 25 मई। भारत की दिग्गज बैडमिंटन स्टार और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु शनिवार को थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को हारकर मलेशिया मास्टर्स 2024 बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई है। आज यहां एक्सियाटा एरिना में खेले गये मुकाबले में पीवी सिंधु ने सेमीफाइनल में बुसानन ओंगबामरुंगफान को 13-21, 21-16, 21-12 को हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु ने पहला गेम हारने के बाद थाईलैंड की खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी और एक घंटा 28 मिनट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज की।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने शुरुआत में आठ प्वाइंट्स तक लगातार अंकों का आदान-प्रदान किया। इसके बाद थाईलैंड की खिलाड़ी लय बनाते हुए कई प्वाइंट्स हासिल करने में सफल रही। 10-9 के स्कोर के बाद बुसानन ने लगातार पांच प्वाइंट्स लिए। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने वापसी की प्रयास किया लेकिन बुसानन ओंगबामरुंगफान ने पहला गेम 21-13 से जीत लिया। सिंधु ने दूसरे गेम में मजबूत शुरुआत की और एक समय पर 11-9 की बढ़त बना ली। थाईलैंड की खिलाड़ी ने जल्द ही वापसी की लेकिन सिंधु ने लगातार दबाव बनाए रखते हुए गेम को 21-16 से जीत लिया। अंतिम और निर्णायक गेम में, 28 वर्षीय सिंधु ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने अपनी लय को बरकरार रखते हुए इस गेम को 21-12 से जीत लिया और मलेशिया मास्टर्स 2024 बैडमिंटन के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

सिंधु का फाइनल में मुकाबला चीन छठी वरीयता प्राप्त वांग यी मान और दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झी यी के बीच दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के विजेता से होगा। उल्लेखनीय है कि सिंधु ने वांग जी यी को हाराकर सिंगापुर ओपन 2022 में अपना आखिरी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीता था।

### पाकिस्तान ने टी-20 विश्वकप के लिए 15 सदस्यी टीम का किया ऐलान

कराची, 25 मई। पाकिस्तान ने टी-20 पुरुष विश्वकप के लिए बाबर आजम की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने यहां जारी बयान में कहा, यह बेहद प्रतिभाशाली और संतुलित टीम है जिसमें युवा और अनुभव का मिश्रण है। ये खिलाड़ी पिछले कुछ समय से एक साथ खेल रहे हैं और अगले महीने के आयोजन के लिए अच्छी तरह से तैयार और व्यवस्थित दिख रहे हैं।

हैरिस रऊफ पूरी तरह से फिट हैं और नेट्स पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। पाकिस्तान की टीम इस समय विश्वकप की तैयारी के मद्देनजर इंग्लैंड के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहा है, द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए टीम के अधिकांश खिलाड़ी टी-20 विश्वकप के लिए कैरेबियाई और अमेरिका जाने वाले हैं।

पाकिस्तान को ग्रुप ए में भारत, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है। पाकिस्तान अपना पहला मुकाबला छह जून को डलास में अमेरिका के खिलाफ खेलेंगे। टी-20 विश्वकप के लिए पाकिस्तान टीम में बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सईम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान सदस्य होंगे।

### विरोध के बाद एफ 46 स्पर्धा में भारत को मिला रजत और कांस्य पदक

कोबे, 25 मई। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंका के दिनेश प्रियंता हेराथ के खिलाफ दर्ज कराये गये विरोध को सही पाये जाने पर भारत को पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक हासिल हुआ है। शुक्रवार को पुरुषों की एफ46 भाला फेंक फाइनल में भारत के रिंकू हुडा तीसरे और अजीत सिंह चौथे स्थान पर रहे थे। लेकिन भारत द्वारा दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंका खिलाडी हेराथ के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के बाद हुई जांच में पता चला कि श्रीलंकाई खिलाड़ी इस श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अयोग्य थे।

भारतीय पैरालंपिक समिति के एक अधिकारी ने बताया, हेराथ को ठीक से वर्गीकृत नहीं किया गया था और वह एफ 46 श्रेणी की स्पर्धा से संबंधित नहीं थे। फैसला भारत के पक्ष में आया हेराथ को अयोग्य घोषित कर दिया गया। जिसके बाद रिंकू, जो मूल रूप से 62.77 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान से दूसरे स्थान पर अपलोड किया गया। वहीं जबकि अजीत (62.11 मीटर) को कांस्य पदक दिया गया।

## आर्चरी वर्ल्ड कप : भारतीय महिला कम्पाउंड टीम ने जीता गोल्ड मेडल

### मिक्स्ड टीम को मिला रजत




येचिओन, 25 मई। भारतीय तीरंदाजों का आर्चरी वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। जहां ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय जोड़ी ने महिला कंपाउंड वर्ग में लगातरा तीसरा गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। वहीं मिश्रित टीम को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा है। वहीं दुनिया की नंबर वन भारतीय टीम ने तुर्की की हेजल बुरून, एइसे बेरा सुजेर और बेगम युवा की टीम को 232-226 से हराकर एक इवेंट सेट गंवाए बिना पहला स्थान अपने नाम किया। वहीं एशियाई खेल चैंपियन ज्योति हालांकि, दूसरा गोल्ड नहीं जीत सकी और प्रियांश के साथ कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में अमरेकि की ओलिविया डी और सायेर सुलिवान की जोड़ी से 155-153 से हार गई।

ज्योति, परनीत और वर्ल्ड चैंपियन अदिति ने वर्ल्ड कप स्वर्ग पदकों की हैट्रिक लगाई। उन्होंने पिछले महीने शंघाई में वर्ल्ड कप गोल्ड मेडलों की हैट्रिक लगाई। उन्होंने पिछले महीने शंघाई में वर्ल्ड कप के पहले चरण में इटली को हराकर गोल्ड जीता था। वहीं पिछले साल पेरिस में चौथे चरण में भी गोल्ड हासिल किया था। कंपाउंड महिला टीम फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने पहले दौर में सेंटर के पास तीन एक्स के साथ आगाज किया और अगले तीन तीरों पर एक एक अंक ही गंवाया।

6 तीर के दूसरे दौर में भारत ने पांच परफेक्ट 10 और दो एक्स तथा एक 9 के स्कोर के साथ बढ़त चार अंक की कर ली। तीसरे दौर में तुर्की ने चार 10, एक एक्स लगातार वापसी की पूरी। भारत ने एक बार फिर तीन 10 और एक एक्स के साथ 58 स्कोर करके जीत दर्ज की। दुनिया की टॉप दो टीमों के बीच मुकाबले में अमेरिका ने कंपाउंड मिश्रित टीम वर्ग में शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता।

## इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में पाक को 23 रन से हराया

बर्मिंघम, 25 मई। कप्तान जॉस बटलर (87) और विल जैक्स (37) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन दम पर इंग्लैंड ने शनिवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 23 रन से हरा दिया है। 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट जल्द ही गवां थे। मोहम्मद रिजवान (शून्य) और सईम अयूब (2) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे सकंट के समय कप्तान बाबर आजम और फखर जमान ने पारी को संभाला। बाबर आजम 26 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुये। फखर जमान ने 21 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुये 45 रनों की पारी खेली। शादाब खान (3), आजम खान (11), इफ्तिखार अहमद (23) और इमाद वसीम (22) रन बनाकर आउट हुये। शाहीन शाह अफरीदी (9) रन और मोहम्मद आमिर पांच रन बनाकर आउट हुये। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने पाकिस्तान की पूरी टीम को 19.2 ओवर में 160 रन पर समेट कर मुकाबला 23 रन से जीत लिया।

इंग्लैंड की ओर से रीस टॉप्ली को तीन विकेट मिले। मोईन अली और जोफ्रा आर्चर ने दो-दो विकेट लिये। आदिल रशीद, लियम लिविंगस्टन और क्रिस जॉर्डन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 184 रनों का लक्ष्य दिया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (13) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान जॉस बटलर और विल जैक्स ने संभल कर खेलते हुए दूसरे विकेट के लिये 96 रन की साझेदारी की। 11वें ओवर में हारिस रऊफ ने विल जैक्स को शादाब के हाथों कैच आउट करा दिया। जैक्स ने 23 गेंदों में 37 रन बनाये। 15वें ओवर में जॉनी बेयरस्टो 21 रन बनाकर आउट हुये। हैरी ब्रूक (1), मोईन अली (4), क्रिस जॉर्डन (3) रन बनाकर आउट हुये। जॉस बटलर ने 51 गेंदों में आठ चौके और तीन छक्के लगाते हुए सर्वाधिक 87 रन बनाये।

## कप्तान के तौर पर मेरा आकलन करना मीडिया पर निर्भर : अय्यर

चेन्नई, 25 मई। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीमें पिछले चार वर्षों में दो बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फाइनल में पहुंची हैं लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के इस खिलाड़ी को खुद से ज्यादा सुर्खियां टीम के 'मेंटोर' गौतम गंभीर को मिलने से कोई शिकायत नहीं है। श्रेयस की अगुवाई में केकेआर की टीम रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल के 17वें सत्र का फाइनल खेलेगी। श्रेयस की कप्तानी में इससे पहले 2020 में दिल्ली कैपिटल्स इस लीग के फाइनल में पहुंची थी। श्रेयस से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि एक कप्तान के रूप में उनकी उपलब्धियों को पर्याप्त महत्व नहीं मिला है।



मुंबई के इस खिलाड़ी ने 'पीटीआई-भाषा' के सवाल के जवाब में कहा, '' इस चीज को आप लोगों (मीडिया) ने बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया है। मैं कप्तान के तौर पर कैसा रहा हूं यह तय करना आप पर निर्भर है।'' 'मेंटोर' के रूप में गंभीर के योगदान पर पूछे जाने पर श्रेयस ने उन्हें टी20 प्रारूप में खेल को सबसे बेहतर तरीके से समझने वालों में से एक करार दिया। उन्होंने कहा, ''गौतम भाई के बारे में, मुझे लगता है कि उन्हें खेल कैसे खेला जाता है, इसके बारे में बहुत ज्ञान है। उन्होंने केकेआर के साथ पहले दो खिताब जीते हैं। हमें प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ कैसे खेलना है, इस मामले में उनकी रणनीति बिल्कुल सही रही है।'' श्रेयस को उम्मीद है कि सनराइजर्स के खिलाफ फाइनल में डग-आउट से गंभीर के अमूल्य योगदान से केकेआर शानदार प्रदर्शन करने में सफल होगा।